भारत के पड़ोसी

362

भारत-पाकिस्तान 363-66

- स्थायी सिंधु आयोग की 116वीं बैठक
- गिलगित-बाल्टिस्तान मुद्दा
- करतारपुर कॉरिडोर
- सिंधु जल संधि (IWT)
- विभाजन से उत्पन्न होने वाली समस्याएं
- भारत विरोधी नीति
- पाकिस्तान की सेण्टो की सदस्यता
- अन्य पारंपरिक मुद्दे

भारत-अफगानिस्तान 366-369

- अफगानिस्तान पर तालिबान का नियंत्रण
- अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी
- रेड लाइन्स
- सामरिक मुद्दे
- आर्थिक मुद्दे

भारत-चीन 370-373

- चीन का तिब्बत में राजमार्ग का निर्माण
- चीन का यरलुंग जैगंबो नदी पर बांध निर्माण
- भारत-चीन रणनीतिक आर्थिक वार्ता
- भारत-चीन के मध्य अनौपचारिक शिखर सम्मेलन
- सामरिक मुद्दे
- आर्थिक मुद्दा
- रणनीतिक मुद्दे

भारत-नेपाल 374-376

- भारत के विदेश सचिव की नेपाल यात्र
- नेपाल का नव राजनीतिक मानचित्र
- मैत्री संधि
- आर्थिक सहयोग
- सांस्कृतिक सहयोग
- सामरिक मुद्दे
- राजनीतिक मुद्दे

भारत-भूटान 377-379

- चीन का भू-हस्तांतरण प्रस्ताव
- ग्राउंड अर्थ स्टेशन एवं सैटकॉम नेटवर्क समझौता

- भारत-भूटान जल-विद्युत परियोजना
- भारत-भूटान के मध्य व्यापारिक समझौता
- 1949 की भारत-भूटान संधि
- सामरिक मुद्दा
- राजनीतिक मुद्दा
- आर्थिक मुद्दा

भारत-बांग्लादेश 379-381

- मैत्री सेतु
- फेनी नदी के जल से संबंधित समझौता
- भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन
- व्यापार सुविधा
- वित्तीय सहायता
- सामरिक मुद्दा
- राजनीतिक मुद्दा
- आर्थिक मुद्दा

भारत-म्यांमार 381-385

- म्यांमार के राष्ट्रपति की भारत यात्रा
- रक्षा सहयोग
- सामरिक मुद्दे
- आर्थिक मुद्दे
- राजनीतिक मुद्दे

भारत-श्रीलंका 385-387

- भारत-श्रीलंका मत्स्यन विवाद
- भारत-श्रीलंका के मध्य संधि-समझौता
- सामरिक मुद्दे
- राजनीतिक मुद्दे
- आर्थिक मुद्दे

आंतरिक व बाह्य सुरक्षा

388

आंतरिक सुरक्षा 389-393

- आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2022
- रोशनी परियोजना
- सिपरी रिपोर्ट, 2021
- वैश्विक आतंकवाद सूचकांक, 2020
- पुलिस सुधार पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट
- द वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट-2021
- क्राइम इन इंडिया 2020 : एनसीआरबी
- राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ)
- इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी)
- राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA)
- सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम 1978
- एनडीपीएस अधिनियम, 1985
- अनुच्छेद 20: पूर्वव्यापी आपराधिक कानूनों से सुरक्षा
- राष्ट्रपति शासन

साइबर सुरक्षा 393-399

- पेगासस स्पाईवेयर
- एकीकृत थिएटर कमांड्स
- एकीकृत थिएटर कमांड का महत्त्व
- साइबर सुरक्षित भारत योजना
- नई ड्रोन नीति 2021
- राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति 2020
- राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, 2013
- भारत ड्रोन नीति 1.0
- ड्रोन नीति 2.0
- राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल
- वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीसीआई), 2020
- श्रीकृष्ण समिति
- भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र
- सूचना तकनीक अधिनियम, 2000
- व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (PDP) विधेयक, 2019
- पेगासस जासूसी मामला पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय
- आईटी एक्ट की धारा 66ए

वित्तीय सुरक्षा 399-401

- बीमा लोकपाल कार्यालयों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति
- हेल्थ इंश्योरेंस फॉर इंडियाज मिसिंग मिडल
- कर्मचारी भविष्य निधि
- बीमा लोकपाल नियमावली में संशोधन

भारतीय सीमाएं एवं सीमा प्रबंधन 401-405

- असम-मिजोरम सीमा विवाद
- बोडो समस्या
- सीमावर्ती सड़क संगठन (BRO)
- गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम
- भारत-चीन
- भारत-पाक
- भारत-नेपाल
- सरकार द्वारा आरंभ की गयी पहले
- भारत-भूटान
- सरकार द्वारा आरंभ की गयी पहले
- भारत-म्यांमार
- भारत-बांग्लादेश
- सरकार द्वारा आरंभ की गयी पहले

मनी लॉन्ड्रिग 405-407

- प्रवर्तन निदेशालय
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018

भारतीय शासन एवं प्रशासन

408

स्थानीय स्वशासन 409-414

- आदर्श पंचायत नागरिक घोषणा पत्र
- आदर्श पंचायती सिटीजन चार्टर
- पंचायत उपबंध अधिनियम,1996
- ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज (जीएचटीसी)
- सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAANJHI)
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
- राष्ट्रीय पारगमन उन्मुख विकास नीति
- राष्ट्रीय पुनर्वास और पुनर्स्थापना नीति
- भारत का पहला 'जिला सुशासन सूचकांक'
- ईज ऑफ लिविंग सूचकांक, 2020
- शहरी सांख्यिकी रिपोर्ट
- बलवंत राय मेहता समिति
- अशोक मेहता समिति, 1978
- जी. वी. के. राव समिति, 1985
- डॉ. एल. एम. सिंघवी समिति, 1986
- पी. के. थुंगन समिति, 1989
- पेसा अधिनियम 1996
- 73वें संविधान संशोधन अधिनियम
- 74वें संविधान संशोधन अधिनियम

संसद 414-417

- डिजिटल संसद एप
- बंगाल में विधान परिषद बनाने की मंजूरी
- निकायों में सुधार करने वाला देश का 5वां राज्य राजस्थान
- 126वां संविधान संशोधन विधेयक 2019
- केंद्र सरकार द्वारा मंत्रिमंडलीय समितियों का पुनर्गठन
- सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना
- सीटों के आरक्षण के लिए संवैधानिक प्रावधान
- ट्रांसजेंडर पर्सन (अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2019

न्यायपालिका 417-424

- व्यक्तिगत स्वतंत्रता संविधान का एक महत्वपूर्ण पहलू
- जमानत का प्रावधान एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता
- ट्रिब्यूनल सुधार विधेयक, 2021
- भारत में ट्रिब्यूनल प्रणाली
- न्यायिक अवमानना के मामले में अटॉर्नी जनरल की भूमिका
- कॉलेजियम प्रणाली के संबंध में विवाद
- न्यायपालिका हेतु बुनियादी सुविधा विकास योजना
- इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2020
- न्यायाधिकरणों पर विधि आयोग की रिपोर्ट
- बी. एन. श्रीकृष्ण समिति
- पूजा स्थल अधिनियम 1991
- ट्रिब्यूनल सुधार अध्यादेश, 2021
- अधिकरण सुधार अध्यादेश 2021
- निजता के अधिकार
- आधार की वैधता को सुनिश्चित करना
- जमानत देने से संबंधित न्यायिक निर्णय
- न्यायिक अवमानना हेतु दंड देने का अधिकार
- धारा 377

निर्वाचन आयोग 424-426

- चुनावी खर्च सीमा में बढ़ोतरी
- भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) की भूमिका
- भारतीय लोकतंत्र में असमान प्रतिनिधित्व
- सीविजिल ऐप
- चुनावी बॉण्ड
- इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट सिस्टम
- चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021
- ईवीएम मशीन में नोटा का विकल्प

ई-प्रशासन 427-429

- ई-सम्पदा मोबाइल ऐप
- ऑनलाइन विवाद समाधान
- ई-गवर्नेंस पर 24वां राष्ट्रीय सम्मेलन
- द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग रिपोर्ट
- डेटा गवर्नेंस क्वालिटी इंडेक्स
- राष्ट्रीय ई-शासन योजना
- समेकित मिशन मोड परियोजना

सामयिक इतिहास, कला एवं संस्कृति

430

भारतीय विरासत 431-436

- यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क, 2021
- पोचमपल्ली सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव
- धोलावीरा वर्ल्ड हेरिटेज की सूची में शामिल
- सिंधु घाटी सभ्यता में डेयरी उत्पादन के साक्ष्य
- लद्दाख की भाषा, संस्कृति और भूमि की रक्षा
- पुरी हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना
- स्वदेश दर्शन योजना
- प्रसाद योजना
- थारू जनजाति से संबंधित जनजातीय पर्यटन योजना

- आदर्श स्मारक योजना
- एडॉप्ट ए हेरिटेज स्कीम
- सांस्कृतिक मानचित्रण पर राष्ट्रीय मिशन
- यूनेस्को विज्ञान रिपोर्ट-2021
- यूनेस्को
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI)
- भारतीय विरासत संस्थान
- उपासना स्थल अधिनियम, 1991
- स्मारक एवं पुरातत्व स्थल व अवशेष अधिनियम, 1958
- कान इलांगो बनाम तमिलनाडु राज्य का मामला

त्योहार व उत्सव 437-440

- कोलकाता दुर्गा पूजा अमूर्त विरासत सूची में शामिल
- आजादी का अमृत महोत्सव
- वांचुवा महोत्सव 2021
- पर्यूषण पर्व
- भूमि पांडुगा उत्सव
- जलीकट्टू पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय

चित्रकला 441-443

- इंडोनेशिया में मिली 45,500 साल पुरानी पेंटिंग

मूर्तिकला 444-445

- योगिनी की मूर्ति को भारत लाया गया

स्थापत्य कला 446-449

- गुप्तकालीन मंदिर के अवशेष
- सिन्धु कालीन स्थापत्य कला
- गुप्तकालीन स्थापत्य कला
- पल्लव स्थापत्य कला
- चोल स्थापत्य कला
- होयसल स्थापत्य कला
- राजपूतकालीन स्थापत्य कला
- वास्तुकला/स्थापत्य कला

नृत्यकला 449-450

केन्द्रीय बजट-2022-23

451

बजट 2022-23 का संक्षिप्त विश्लेषण .. 451-450

- डिजिटल तकनीकी
- पीएम गतिशक्ति
- पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान
- समावेशी विकास
- कृषि
- वन नेशन वन रजिस्ट्रेशन (ONO R) योजना
- एमएसएमई
- कौशल विकास
- शिक्षा
- स्वास्थ्य
- सक्षम आंगनबाड़ी
- हर घर, नल से जल और आवास
- पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विकास पहल
- जीवंत ग्राम कार्यक्रम
- निर्यात संवर्द्धन
- रक्षा में आत्मनिर्भरता
- सनराइज अवसर
- ऊर्जा पारगमन और जलवायु कार्रवाई
- गिफ्ट सिटी
- सीमा शुल्क एवं शुल्क सरलीकरण समीक्षा

आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 457-458

- मूल्य तथा मुद्रास्फीति
- सतत विकास तथा जलवायु परिवर्तन
- उद्योग और बुनियादी ढांचा
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5

भारत एक एक नजर में

459

- भारत: ऐतिहासिक परिचय
- धार्मिक परिचय
- भारत का भौगोलिक परिचय
- भारत की जनसंख्या
- भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021
- भारत का राजनीतिक परिचय
- राष्ट्रीय प्रतीक
- भारत का प्रथम
- समाचार-पत्र और पत्रिका
- देश का पहला राज्य

100 सामयिक मुद्दे



इयर बुक के इस खण्ड में वर्ष 2021-22 वैसे 100 समसामयिक महत्वपूर्ण मुद्दे को समाहित किया गया है, जो भारत की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, आंतरिक सुरक्षा और विज्ञान व प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के अलावा शासन और नैतिकता सम्बन्धी मुद्दों के विश्लेषण पर आधारित है, जो न सिर्फ वर्तमान समय में बल्कि आगे आने वाले वर्षों में भी प्रासंगिक बने रहेंगे।

वर्तमान में परिवर्तित होती भू-राजनीतिक और वैश्विक आर्थिक व्यवस्था से भारत भी प्रभावित हो रहा है, जिसका प्रभाव आर्थिक और वैदेशिक नीतियों पर पड़ने के साथ-साथ ऊर्जा नीति, आतंरिक और बाह्य सुरक्षा पर पड़ रहा है, जबकि साइबर अपराध तथा मानवीय नैतिकता के मुद्दे विशेषकर आपदा के समय में गंभीर प्रश्न बनकर उभरे हैं, इसलिए समसामयिक मुद्दे से सम्बन्धित इस खंड में इन सभी मुद्दों को प्रमुखता से विश्लेषित किया गया है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा 21 सदी में तकनीकी तथा डिजिटल कृषि का महत्व बढ़ने और जलवायु परिवर्तन से इसके प्रभावित होने का मुद्दे महत्वपूर्ण है, साथ ही अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों जिसमें कौशल विकास, अवसंरचना, ऊर्जा सुरक्षा तथा सूक्ष्म लघु उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए इन सभी मुद्दों की समझ वर्तमान में आवश्यक हो जाती है।

इसी प्रकार वर्तमान समय में बदलती भू-राजनीतिक व्यवस्था तथा भारत के पडोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव से भारत की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा सम्बन्धी मुद्दे काफी महत्वपूर्ण हो जाते हैं, इसलिए इस खण्ड में भारत की लोक कूटनीति तथा सॉफ्ट पावर की विदेश नीति में भूमिका के साथ-साथ विश्व के प्रमुख वैदेशिक क्षेत्रों के साथ संबंधों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है, जिसका उद्देश्य एक समग्र संकल्पना को विकसित करना है।

आर्थिक तथा विदेशी नीतियों की सफलता में राजनीतिक शासन व्यवस्था, विज्ञान व प्रौद्योगिकी तथा उभरती नवीनतम तकनीकी की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती हैद्य अतः पेगासस, भारत की संघीय व्यवस्था में दल-बदल की समस्या तथा अधिकार सम्बन्धित मुद्दे वर्तमान में प्रमुख प्रश्न बनकर उभरे हैं, जिनका समाधान कर भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित हो सकता है, इसलिए इन सभी संकल्पनाओं की व्याख्या अति आवश्यक हो जाती है।

अतः समसामयिक मुद्दों से सम्बन्धित इन खंड में उपरोक्त सभी पहलुओं को समावेशित कर एक विस्तृत विश्लेषण को प्रस्तुत किया गया है, जो न सिर्फ भारत बल्कि वैश्विक दृष्टिकोण से भी प्रासंगिक तथा महत्वपूर्ण हैं।

आर्थिक परिप्रेक्ष्य के मुद्दे

इसमें भारतीय अर्थव्यवस्था से सम्बन्धित वैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया है जो समसामयिक प्रवृत्ति के होते हुए भी दीर्घकालिक महत्व के विषय है तथा इस मुद्दों से सम्बन्धित विषयों से संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में लगातार प्रश्न पूछे जाते हैं।
अतः इस खण्ड में वर्तमान में चर्चित रहे मुद्दे जैसे डिजिटल मुद्रा और क्रिप्टो मुद्रा, सूक्ष्म और लघु उद्योग, भारत की विनिवेश नीति के साथ-साथ कृषि से जुड़े तमाम मुद्दे को शामिल किया किया है, जो प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा के साथ-साथ साक्षात्कार में भी सामान्य रूप से उपयोगी साबित हो सकेगा।

डिजिटल मुद्रा बनाम क्रिप्टोकरेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण (Nirmala Sitharaman) ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट भाषण में डिजिटल करेंसी (Digital Currency) को जारी करने की घोषणा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की तरफ से डिजिटल रूपी मुद्रा को जारी किया जायेगा। जिसका नियमन सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) द्वारा किया जायेगा। यह ब्लाकचेन तकनीक पर आधारित होगी।

- आरबीआई के डिजिटल रुपये के अलावा क्रिप्टो वर्ल्ड में मौजूद सभी क्वाइन वर्चुअल असेट्स में गिने जाएंगे। इनके लेन-देन में अगर किसी को मुनाफा होता है तो उस पर 30 फीसदी टैक्स लगाया जाएगा। क्रिप्टो की दुनिया में होने वाले हर लेन-देन पर एक फीसदी TDS लगाया जाएगा। डिजिटल करेंसी वही होगी, जिसे इस साल RBI जारी करेगा। वहीं, क्रिप्टो की दुनिया में मौजूद अलग-अलग तरह की संपत्तियों के हर लेन-देन पर टैक्स लगेगा।

सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी

- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) आगामी वित्त वर्ष में CBDC लॉन्च करेगा। CBDC एक लीगल टेंडर है, जिसे सेंट्रल बैंक एक डिजिटल रूप में जारी करता है। यह कागज में जारी एक फिएट मुद्रा के समान है और किसी भी अन्य फिएट मुद्रा के साथ इंटरचेंजेबल है। यह एक लीगल टेंडर होगा जो आरबीआई द्वारा पेश किया जायेगा, जो मूल्य में रूपी की तरह होगा, बस यह सिक्के या नोट अर्थात् भौतिक की जगह डिजिटल रूप में मौजूद रहेगा।

क्रिप्टो से अंतरः आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल रूपी या सीबीडीसी ब्लाकचेन व दूसरी अन्य तकनीकि का उपयोग करके बनाया जायेगा। यह एक लीगल टेंडर होगा तथा यह केन्द्रीय बैंक के अधीन होगा जिसका विनियमन आरबीआई द्वारा किया जायेगा।

- क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल करेंसी है जो केन्द्रीय बैंक के नियंत्रण में न होकर डेवलपर द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट से जुड़ी होती है। यह किसी सरकारी संस्था द्वारा विनियमित नहीं की जाती है और इसका मूल्य मांग पर निर्भर करता है यह भी ब्लाकचेन पद्धति पर कार्य करती है तथा इसके लेन-देन हेतु क्रिप्टोग्राफी का उपयोग किया जाता है तथा इसमें लेन-देन को रिकॉर्ड करने और नई इकाइयों को जारी करने के लिए विकेंद्रीकृत प्रणाली का उपयोग किया जाता है

विकेंद्रीकृत मुद्राः यह एक डिजिटल भुगतान प्रणाली है जो लेन-देन को सत्यापित करने के लिए बैंकों पर निर्भर नहीं है। इसे क्रिप्टोग्राफी द्वारा सुरक्षित किया जाता है, इसलिए इसका नाम क्रिप्टोकरेंसी कहते हैं।

- जब भी किसी रुपए अर्थात् भौतिक राशि का लेन-देन होता है तब बैंक इस बात की जांच करता है कि भेजने वाले के खाते में पर्याप्त राशि है या नहीं। इसके बाद ही इसके लेन-देन को मंजूरी प्रदान की जाती है, मगर क्रिप्टोकरेंसी में यह नहीं होता है
- क्रिप्टो भेजने के बाद उसको कई कम्प्यूटर द्वारा उसे सत्यापित किया जाता है, जिनका एल्गोरिदम समान होता है।
- इसमें किसी केन्द्रीय प्राधिकरण की आवश्यकता नहीं होती है इसलिए इसे विकेंद्रीकृत मुद्रा कहा जाता है जिसके लिए क्रिप्टोकरेंसी डिसट्रिब्यूटेड लेजर (बही खाता) तकनीक का उपयोग होता है।
- यह बहुत ही सुरक्षित होता है। इसमें लेन-देन के रिकॉर्ड को बदला या हटाया नहीं जा सकता है। इसमें जानकारी को कई कैटेगरी में इकट्ठा किया जाता है, जिसे ब्लॉक कहते हैं तथा एक दूसरे से जुड़े होते है इसलिए इसे ब्लॉकचेन कहते हैं। इसमें लेन-देन को सत्यापित करने हेतु एनक्रिप्शन का प्रयोग किया जाता है।
- सरकार द्वारा समर्थित मुद्रा के विपरीत क्रिप्टो जैसी आभासी मुद्रा का मूल्य मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। विश्व की पहली क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन थी, जिसे 2009 में पेश किया गया था

कैसे होता है लेन-देनः इसका लेन-देन बैंक खाते की तरह ही वॉलेट के जरिय किया जाता है। इसमें दो पते होते हैं- सार्वजानिक पता और नीजि पता।

- सार्वजानिक पता का अर्थ है जहां धनराशि भेजी जाती है तथा क्रिप्टो भेजने के लिए इस पते की जरूरत है यानी जिस किसी को भी यह मुद्रा भेजनी होती है उसके पब्लिक एड्रेस की जरूरत होती है। क्रिप्टो मुद्रा को क्रिप्टो वॉलेट में जमा किया जाता है, जो भौतिक या ऑनलाइन सॉफ्टवेयर हो सकता है। इसे हॉट वॉलेट स्टोरेज तथा कोल्ड वॉलेट स्टोरेज में जमा किया जाता है।

क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े लाभः तीव्र और सस्ते लेन-देन आधारित होता है, क्योंकि इसमें बिचौलियों की भूमिका नहीं होती है।

मुद्रास्फीति विरोधी मुद्राः क्रिप्टोकरेंसी की उच्च मांग के कारण इसकी कीमतें काफी हद तक 'वृद्धिमान प्रक्षेप वक्र' (Growing Trajectory) द्वारा निर्धारित होती हैं। इससे मुद्रा पर अपस्फीतिकारी प्रभाव (Deflationary Effect) उत्पन्न होगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था व बुनियादी विकास



कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो साल विश्व अर्थव्यवस्था के लिए कठिन रहा है। संक्रमण की नयी लहरों, आपूर्ति-शृंखला में व्यवधान, और हाल ही में मुद्रास्फीति के कारणवश नीति-निर्माण के लिए यह समय विशेषतः चुनौतीपूर्ण रहा है। इन चुनौतियों की तत्काल प्रतिक्रिया के रूप में भारत सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों एवं व्यापार क्षेत्र के लिए एक विस्तृत सुरक्षा-जाल का गठन किया।

इसके उपरांत, बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की गयी तथा मध्यम-अवधि की मांग पुनः बढ़े, एवं अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विस्तार के लिए आपूर्ति-पक्ष उपायों को कृतसंकल्प लागू किया गया।

भारत में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2021-22 में 9.2 प्रतिशत के विस्तार की उम्मीद है। महामारी से कृषि और संबद्ध क्षेत्र सबसे कम प्रभावित हुए हैं और पिछले वर्ष में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि के बाद इस क्षेत्र के 2021-22 में 3.9 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। 2020-21 में 7 प्रतिशत संकुचन के पश्चात्, उद्योग के सकल मूल्यवर्धन (खनन और निर्माण सहित) में 2021-22 में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि अग्रिम तौर पर अनुमानित है।

सेवा क्षेत्र महामारी से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। 2021-22 में कुल खपत में 7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसमें सरकारी खर्च का महत्वपूर्ण योगदान है।

वस्तुओं और सेवाओं दोनों का निर्यात 2021-22 में असाधारण रूप से मजबूत रहा है, वहीं घरेलू मांग और अंतरराष्ट्रीय वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण आयात में भी मजबूती आई है।

आर्थिक गति तीव्र होने, और आपूर्ति-पक्ष सुधारों के संभावित दीर्घकालिक लाभों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद में 8.0-8.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। अनिश्चित समय के दौरान वित्तीय तंत्र दबाव का एक संभावित क्षेत्र होता है।

हालांकि, भारत के पूंजी बाजारों ने कई वैश्विक बाजारों की तरह असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसकी मदद से भारतीय कंपनियों के लिए रिकॉर्ड- स्तर पर जोखिम पूंजी जुटाना संभव हुआ है। गौरतलब है कि बैंकिंग प्रणाली अच्छी तरह से पूंजीकृत है और गैर-निष्पादित आस्तियों में, महामारी के विलम्बित प्रभाव को मिलाकर भी, संरचनात्मक रूप से गिरावट आई है।

कृषि और संबद्ध क्षेत्र

भारत की अर्थव्यवस्थाओं में कृषि की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। कुल कार्य बल की 54.6 प्रतिशत आबादी कृषि और उससे संबद्ध क्षेत्र के कार्यकलापों में लगी हुई है (संगणना 2011) और वर्ष 2019-20 में देश के सकल मूल्य संवर्धन में इसकी भागीदारी 16.5 प्रतिशत रही है। कृषि और संबद्ध क्षेत्र का प्रदर्शन कोविड-19 के प्रभाव के प्रति लचीला रहा है। यह क्षेत्र वर्ष 2020-21 में 3.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा और वर्ष 2021-22 में सुधरकर 3.9 प्रतिशत हो गया। भारत में पिछले दो वर्षों में कृषि क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है।

कोविड की वजह से लागू लॉकडाउन द्वारा उत्पन्न कठिनाइयों ने गैर-कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन को प्रतिकूल ढ़ंग से प्रभावित किया, तथापि वर्ष 2020-21 (प्रथम अग्रिम अनुमान) के दौरान स्थिर कीमतों पर कृषि क्षेत्र ने 3.4 प्रतिशत की विकास दर हासिल किया। आत्म-निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शुरू किए गए विभिन्न उपायों जैसे ऋण, बाजार में सुधार और खाद्य प्रसंस्करण से इस उद्योग में नवीन स्फूर्ति आई।

वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत ने लगभग ₹ 252 हजार करोड़ के कृषि और संबद्ध उत्पादों का निर्यात किया है। भारत ने जिन देशों को मुख्य रूप से निर्यात किया, उनमें यूएसए, सऊदी अरब है।

नवीनतम घटनाक्रम

तीन नए कृषि विधेयक वापस

लोकसभा के मानसून सत्र में किसानों के हितों में तीन नए कृषि विधेयक पारित किए गए हैं। हालांकि विभिन्न कृषि संगठन द्वारा विधेयकों के विभिन्न प्रावधानों को विवादित बता इसका विरोध करने के कारण सरकार ने इसे वापस लिया है।

तीन कृषि विधेयक निम्नलिखित थे-

1. **कृषि उपज व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) विधेयक, 2020:** किसानों को उनकी उपज के विक्रय की स्वतंत्रता प्रदान करते हुए ऐसी व्यवस्था का निर्माण करेगा, जहां किसान एवं व्यापारी कृषि उपज मंडी के बाहर अन्य माध्यम से भी उत्पादों का सरलतापूर्वक व्यापार कर सकें।
   - यह विधेयक राज्यों की अधिसूचित मंडियों के अतिरिक्त राज्य के भीतर एवं बाहर देश के किसी भी स्थान पर किसानों को अपनी उपज निर्बाध रूप से बेचने के लिए अवसर एवं व्यवस्थाएं प्रदान करेगा।
   - विधेयक किसानों को ई-ट्रेडिंग मंच उपलब्ध कराएगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से निर्बाध व्यापार सुनिश्चित किया जा सकेगा।
   - किसान खरीददार से सीधे जुड़ सकेंगे, जिससे बिचौलियों को मिलने वाले लाभ के बजाए किसानों को उनके उत्पाद की पूरी कीमत मिल सके।
2. **कृषक (सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020:** कृषक (सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020 कृषकों को व्यापारियों, कंपनियों, प्रसंस्करण इकाइयों, निर्यातकों से सीधे जोड़ेगा। कृषि करार के माध्यम से बुवाई से पूर्व ही किसान के लिए उसकी उपज के दाम निर्धारित करेगा।
   - इस विधेयक की मदद से बाजार की अनिश्चितता का जोखिम किसानों से हटकर प्रायोजकों पर चला जाएगा। मूल्य पूर्व में ही तय हो जाने से बाजार में कीमतों में आने वाले उतार-चढ़ाव का प्रतिकूल प्रभाव किसान पर नहीं पड़ेगा।
   - इससे किसानों की पहुंच अत्याधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी, कृषि उपकरण एवं उन्नत खाद व बीज तक होगी। कृषि क्षेत्र में शोध एवं नई तकनीकी को बढ़ावा देना।
3. **आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक 2020:** विधेयक में प्रसंस्करणकर्ताओं और मूल्य वर्द्धन करने वाले पक्षों को स्टॉक सीमा से छूट दी गयी है।
   - संशोधन में यह व्यवस्था की गई है कि युद्ध, अकाल, असाधारण मूल्य वृद्धि और प्राकृतिक आपदा जैसी परिस्थितियों में ऐसे कृषि खाद्य पदार्थों को विनियमित किया जा सकता है। इस संशोधन से कृषि क्षेत्र के समग्र आपूर्ति शृंखला तंत्र को मजबूती मिलेगी तथा कृषि क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा।
   - यह विधेयक कोल्ड स्टोरेज में निवेश और खाद्य आपूर्ति शृंखला (food supply chain) के आधुनिकीकरण में सहायता करेगा।
   - यह कानून मूल्य स्थिरता लेकर आएगा, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को फायदा होगा। भंडारण सुविधाओं की कमी के कारण होने वाली कृषि उत्पादों की बर्बादी को भी रोका जा सकेगा।

आईसीएआर का डेटा रिकवरी केंद्रः कृषि मेघ

प्रमुख कृषि अनुसंधान निकाय आईसीएआर के डेटा की सुरक्षा के लिए 2020 को हैदराबाद में एक डेटा रिकवरी सेंटर- 'कृषि मेघ' की शुरुआत की गई है।

मुख्य बिंदुः नवीन डेटा रिकवरी सेंटर की स्थापना हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (NAARM) में की गई है। कृषि मेघ की स्थापना सरकार और विश्व बैंक दोनों द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत की गई है। कृषि मेघ का निर्माण भारत में कृषि के क्षेत्र में जोखिम कम करने, गुणवत्ता बढ़ाने, ई-प्रशासन की उपलब्धता और पहुंच, शोध, विस्तार एवं शिक्षा के लिए किया गया है।

जलवायु प्रतिरोधी एवं उच्च पोषक तत्व युक्त फसलें

जलवायु प्रतिरोधी प्रौद्योगिकियों को अपनाने के संबंध में जागरूकता का प्रसार करने के उद्देश्य से विशेष गुणों वाली फसलों की 35 किस्मों को राष्ट्र को समर्पित किया गया है।

पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, सतत् विकास





सरकार द्वारा दिसम्बर, 2021 में जैव विविधता (संशोधन) विधेयक, 2021 को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया है, ताकि अनुसंधान, पेटेंट आवेदन प्रक्रिया एवं अनुसंधान परिणामों के हस्तांतरण में तीव्र अनुपथन (ट्रैकिंग) की सुविधा प्राप्त हो सके। विधेयक औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहन देकर वन्य (जंगली) औषधीय पौधों पर दबाव को कम करने के प्रयास की चर्चा की गई है। विधेयक में आयुष चिकित्सकों को जैविक संसाधनों या ज्ञान तक अभिगम हेतु भयभीत करने वाले जैव विविधता बोर्डों से उन्मुक्ति प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया है। विधेयक में राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना जैविक संसाधनों, अनुसंधान, पेटेंट एवं वाणिज्यिक उपयोग में अधिक विदेशी निवेश की चर्चा की गई है। यह विधेयक वर्तमान परिदृश्य में भारत को वैश्विक स्तर पर फैले महामारी से बचने हेतु प्राकृतिक औषधियों के शोध में काफी मदद करेगा।

पूरा विश्व लगभग दो साल से जारी कोरोना महामारी से त्रस्त है। सतर्कता और टीकाकरण से संक्रमण की रोकथाम की कोशिशें भी अपने चरम पर हैं। ऐसे उपायों के साथ हमें दीर्घकालिक नीतियों को अपनाकर ऐसी महामारियों से मानव जाति को सुरक्षित करने के ठोस उपायों पर ध्यान देने की जरूरत है। वायरस और बैक्टीरिया से होनेवाली बीमारियों का सीधा संबंध पर्यावरण के क्षरण से है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के भारत प्रमुख अतुल बगाई के अनुसार "कोविड-19 महामारी प्राकृतिक क्षेत्रों के क्षरण, प्रजातियों के लुप्त होने तथा संसाधनों के दोहन का परिणाम है।''

पर्यावरणविदों का मानना है कि यह वायरस मनुष्य और प्रकृति के बीच पैदा हुए प्राकृतिक असंतुलन का दुष्परिणाम है। वैज्ञानिकों के अनुसार, अत्यधिक मांस का उत्पादन, रोगाणुरोधी प्रतिरोध और बढ़ते वैश्विक तापमान जैसे कारक वन्यजनित विषाणुओं को मनुष्यों में फैलने और भयावह रूप धारण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही जलवायु संकट विषाणु जनित रोगों से लड़ने के प्रति हमारी प्रतिरोधक क्षमता भी कम कर रही है। दरअसल, विगत कुछ दशकों से हो रहे पारिस्थितिकीय परिवर्तन, बेरोकटोक आर्थिक विकास और प्राकृतिक संसाधनों के बेतहाशा दोहन ने पारिस्थितिकीय तंत्र के अनुचित तथा असंतुलित प्रयोग को बढ़ाया है। पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव-विविधता के पतन के दुष्परिणामों को भुगत रही है। महात्मा गांधी के प्रकृति चिन्तन से सम्बन्धित संदेश आज भी प्रासंगिक हैं क्योंकि उनके लेखों तथा विचारों में पर्यावरण सम्बन्धी दृष्टिबोध तथा पर्यावरण पर काम करने वालों के लिए कालजयी मार्गदर्शन मौजूद है इसलिये उपभोक्तावाद से त्रस्त अनेक लोग, गांधी दर्शन में मुक्ति तथा विकास का मार्ग खोज रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन

जलवायु परिवर्तन एक प्रमुख भूमंडलीय पर्यावरणीय और विकासात्मक समस्या है। दशकों, सदियों या उससे अधिक समय में किसी स्थान विशेष या पूरी धरती की जलवायु में आने वाला दीर्घकालिक बदलाव ही जलवायु परिवर्तन है। जलवायु की दशाओं में यह बदलाव प्राकृतिक भी हो सकता है और मानव के क्रियाकलापों का परिणाम भी ग्रीनहाउस प्रभाव और वैश्विक तापन को मनुष्य की क्रियाओं का परिणाम माना जा रहा है जो औद्योगिक क्रांति के बाद मनुष्य द्वारा उद्योगों से निःसृत कार्बन डाइ ऑक्साइड आदि गैसों के वायुमण्डल में अधिक मात्रा में बढ़ जाने का परिणाम है।

नवीनतम घटनाक्रम

क्लाइड बैंक घोषणा पत्र

विश्व के 22 देशों के गठबंधन द्वारा वैश्विक समुद्री उद्योग में वि-कार्बनीकरण को गति प्रदान करने के लिए बंदरगाहों के मध्य शून्य उत्सर्जन पोत परिवहन व्यापारिक मार्ग को सृजित करने पर सहमति व्यक्त की गई है।

- ग्लास्गो में आयोजित हुए COP-26 जलवायु शिखर सम्मेलन में क्लाइडबैंक घोषणा (Clydebank Declaration) को अपनाया गया। इसके तहत वर्ष 2025 तक कम से कम 6 हरित गलियारों की स्थापना का समर्थन करने के प्रति सहमति व्यक्त की गई है।
- यह घोषणा दो या दो से अधिक पत्तनों के मध्य ग्रीन शिपिंग कॉरिडोर अर्थात् शून्य-उत्सर्जन समुद्री मार्गों की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है।
- इससे वैश्विक समुद्री उद्योग के वि-कार्बनीकरण को गति प्रदान करने में मदद मिलेगी।
- इसके लिए शून्य उत्सर्जन ईंधन की विकासशील आपूर्ति, वि-कार्बनीकरण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और विनियामक फ्रेमवर्क की आवश्यकता होगी।
- भारत ने अभी तक इस घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

किगाली संशोधन को भारत की मंजूरी

अगस्त, 2021 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के किगाली संशोधन को अनुसमर्थन प्रदान किया। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का किगाली संशोधन, हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (Hydrofluorocarbons - HFCs) के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से संबंधित है।

मुख्य बिंदु: भारत 4 चरणों में हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के अपने चरण को 2032 में 10%, 2037 में 20%, 2042 में 30% और 2047 में 80% की संचयी कमी के साथ पूरा करेगा।

- किगाली संशोधन के तहत, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के पक्षकार हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के उत्पादन और खपत को कम कर देंगे।
- हाइड्रोफ्रलोरोकार्बन का चरणबद्ध तरीके से उपयोग बंद करने से 105 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को रोका जा सकेगा। इस प्रकार, यह 2100 तक वैश्विक तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से बचने में मदद करेगा और ओजोन परत की रक्षा करने में भी मदद करेगा।

कार्यान्वयन रणनीति

हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय रणनीति को 2023 तक तैयार किया जाएगा।

- इसे तैयार करने में उद्योग सहित सभी हितधारकों के साथ आवश्यक परामर्श किया जाएगा।
- किगाली संशोधन के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के उत्पादन और खपत के उचित नियंत्रण की प्रणाली बनाई जाएगी।
- इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वर्ष 2024 के मध्य तक ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थ (विनियमन और नियंत्रण) नियमों [Ozone Depleting Substances (Regulation and Control) Rules] में आवश्यक संशोधन किया जाएगा।
- तय समय-सीमा के अनुसार हाइड्रोफ्लोरोकार्बन का उत्पादन और खपत करने वाले उद्योग इसके उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करेंगे।
- हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से बंद करने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन को रोकने में मदद मिलेगी।

किगाली संशोधन

- रवांडा के किगाली में अक्टूबर 2016 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के पक्षकारों की 28वीं बैठक (MOP 28) आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान 170 से अधिक देशों ने भाग लिया।
- इस बैठक के दौरान जलवायु और ओजोन परत की रक्षा करने के उद्देश्य से मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में संशोधन की सहमति व्यक्त की गई।
- 65 देशों द्वारा अनुसमर्थन के बाद किगाली संशोधन 1 जनवरी, 2019 से लागू हो गया। इसका लक्ष्य वर्ष 2047 तक हाइड्रोफ्लोरोकार्बन की खपत में 80% से अधिक की कमी लाना है।
- इस संशोधन के प्रभाव से सदी के अंत तक वैश्विक तापमान में 0.5° C की वृद्धि से बचा जा सकेगा।
- किगाली संशोधन के बाद, ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल अब और भी अधिक शक्तिशाली साधन हो गया है।

कृषि में नाइट्रोजन के उपयोग से जलवायु संकट

अक्टूबर, 2020 में जर्नल नेचर में प्रकाशित एक शोध के अनुसार दुनिया भर में कृषि उत्पादन में वृद्धि करने के लिए नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से वातावरण में नाइट्रस ऑक्साइड की मात्रा में बड़ी तेजी से वृद्धि हो रही है।

केन्द्रीय बजट-2022-23

संविधान के अनुच्छेद 112 के तहत 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलने वाले प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण संसद के समक्ष रखा जाता है। 'वार्षिक वित्तीय विवरण' शीर्षक वाला यह विवरण मुख्य बजट दस्तावेज है। 1 फरवरी, 2022 को भारत की वित्त मंत्री ने संसद में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 39.45 लाख करोड़ रुपये का राष्ट्रीय बजट पेश किया। इस बजट का एक मुख्य आकर्षण पूंजीगत खर्च को 35 फीसदी बढ़ाने और इसे मुख्यतः, 'सात इंजनों' (सड़क, रेल मार्ग, हवाई मार्ग, विमानपत्तन, माल परिवहन, जल मार्ग और लॉजिस्टिकक अवसंरचना) के माध्यम से, देश में बहुआयामी बुनियादी ढांचा के सृजन का प्रस्ताव किया गया है।

बजट 2022-23 का संक्षिप्त विश्लेषण

2022-23 के लिए बजट प्रस्तुत करते समय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत 'आजादी का अमृत महोत्सव' (Azadi ka Amrit Mahotsav) मना रहा है और इसके साथ ही देश अब 'अमृत काल' में प्रवेश कर गया है, जो भारत @100 (India@100) तक पहुंचने में 25 वर्षों की लंबी अवधि को दर्शाता है। सरकार निम्नलिखित विजन को साकार करने का लक्ष्य रखा है जो निम्नलिखित हैं-

- वृहद-अर्थव्यवस्था स्तर के विकास पर फोकस करने के साथ-साथ सूक्ष्म-अर्थव्यवस्था स्तर के समावेशी कल्याण (Inclusive welfare) पर फोकस करना।
- डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं फिनटेक, प्रौद्योगिकी आधारित विकास, ऊर्जा संबंधी बदलाव, जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देना, निजी निवेश से शुरू होने वाले लाभप्रद आर्थिक चक्र पर भरोसा करना और इसके साथ ही सार्वजनिक पूंजीगत निवेश के बल पर निजी निवेश जुटाने में मदद मिलेगा।

अमृत काल का ढांचा: चार प्राथमिकताएँ:

- पीएम गतिशक्ति
- समावेशी विकास
- उत्पादकता वृद्धि और निवेश, ऊर्जा संक्रमण और जलवायु कार्रवाई
- निवेश का वित्तपोषण

अमृत काल के लक्ष्य: वृहद-अर्थव्यवस्था स्तर के विकास पर फोकस करने के साथ-साथ सूक्ष्म-अर्थव्यवस्था स्तर के समावेशी कल्याण पर फोकस करना।

- डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं फिनटेक, प्रौद्योगिकी आधारित विकास, ऊर्जा संबंधी बदलाव और जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देना।
- निजी निवेश से शुरू होने वाले लाभप्रद आर्थिक चक्र पर भरोसा करना और इसके साथ ही सार्वजनिक पूंजीगत निवेश के बल पर निजी निवेश जुटाने में मदद करना।

निजी क्षेत्र को बढ़ावा: सरकार ने निजी क्षेत्र को प्रमुख भूमिका प्रदान करते हुए निवेश में सुगमकर्ता की भूमिका को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है तथा सरकारी पूंजीगत व्यय को चार क्षेत्रों - सड़क, रेलवे, संचार और रक्षा पर केंद्रित किया गया है।

प्रभाव: पूंजीगत व्यय होने से निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और दीर्घकालिक रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। यह पूंजी निर्माण कर, मांग को बढ़ावा प्रदान करेगा।

डिजिटल तकनीकी

सरकार वैश्विक डिजिटल संक्रमण का हिस्सा बनने को तैयार है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रसद और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

- यह डेटा केंद्रों को बुनियादी ढांचे की स्थिति की दिशा में एक सही कदम है।

प्रभाव: डिजिटल शिक्षा प्लेटफॉर्म, स्वास्थ्य रजिस्ट्री और दस्तावेजों की रजिस्ट्री जैसी पहल संभावित रूप से कई लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव ला सकती है और भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को डिजिटल लाभांश से लाभावन्वित करेगा।

डिजिटल संपत्ति/मुद्रा: युवाओं के लिए एक उच्च संभावित रोजगार अवसर के रूप में एनीमेशन, दृश्य प्रभाव, गेमिंग और कॉमिक (एवीजीसी) क्षेत्र की मान्यता, डिजिटल मुद्रा की शुरूआत और आभासी डिजिटल संपत्ति (वीडीए) जैसे क्रिप्टो-मुद्राओं और एनएफटी को वैध संपत्ति के रूप में मान्यता, नौकरशाही मानसिकता में बदलाव को प्रदर्शित करती है।

प्रभाव: यह नई वैश्विक मांग के अनुरूप युवाओं को नए रोजगार का विकल्प प्रदान करेगा तथा क्रिप्टो कैरेंसी की चुनौतियों का सामना किया जा सकेगा तथा आरबीआई द्वारा वैधानिक मुद्रा के रूप में डिजिटल करेंसी भारत में पूंजी की समस्या को दूर करने में सहायक हो सकेगी।

बजट 2022-23: महत्वपूर्ण संकेत

- विश्व की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत की आर्थिक वृद्धि 9.2% होने का अनुमान है।
- उत्पादकता से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत 14 क्षेत्रों में 60 लाख नए रोजगार सृजित होंगे। पीएलआई योजनाओं में 30 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त उत्पादन सृजित करने की क्षमता है।
- इस बजट के साथ भारत ने आजादी का अमृत महोत्सव के माध्यम से आजादी के 75 वर्ष पूरे करने को चिह्नित किया। बजट अगले 25 वर्षों के लिये एक योजना भी निर्धारित करता है।

पीएम गतिशक्ति

पीएम गतिशक्ति को बढ़ावा देने वाले 7 कारक सड़क, रेल मार्ग, हवाई मार्ग, विमानपत्तन, माल परिवहन, जल मार्ग और लॉजिस्टिक अवसंरचना है।

गतिशक्ति एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो रेलवे और रोडवेज सहित 16 मंत्रालयों की विकास परियोजनाओं को एकीकृत करता है।

- इसके अंतर्गत 2019 में घोषित 110 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को भी शामिल कर लिया गया है।

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान

पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के दायरे में आर्थिक बदलाव के सभी 7 कारक, निर्बाध बहुपक्षीय कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक के दायरे में आ जाएंगे। राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन में इन 7 कारकों से जुड़ी परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति फ्रेमवर्क से जोड़ दिया जाएगा।

सड़क परिवहन: राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 2022-23 में 25000 किलोमीटर का विस्तार दिया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में विस्तार के लिए 20000 रुपए जुटाए जाएंगे।

मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क: 2022-23 में 4 स्थानों पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनाने के लिए पीपीपी प्रारूप के जरिए संविदाएं प्रदान की जाएंगी।

रेल मार्ग: स्थानीय व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाने के लिए एक स्टेशन एक उत्पाद की संकल्पना।

- 2022-23 में देसी विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी और क्षमता वृद्धि कवच के तहत रेल मार्ग नेटवर्क में 2000 किलोमीटर जोड़ा जाएगा।
- अगले 3 साल के दौरान 400 उत्कृष्ट वंदे भारत रेलगाड़ियों का निर्माण होगा। अगले 3 साल के दौरान मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक के लिए 100 पीएम गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे।

पर्वतमाला: राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम, पर्वतमाला को पीपीपी प्रारूप में लाया जाएगा। 2022-23 में 60 किलोमीटर लंबी 8 रोपवे परियोजनाओं के लिए संविदाएं प्रदान की जाएंगी।

प्रभाव: यह प्रयास भारत में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण को गति प्रदान करेगा तथा डाक सेवा रेल नेटवर्क का एकीकरण कर एक स्टेशन एक उत्पाद की अवधारणा को आगे बढ़ाकर बुनियादी परियोजनाओं के लिए क्षमता का निर्माण कर रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन में सहायक होगा, साथ ही स्थानीय व्यवसायों और आपूर्ति श्रृंखलाओं मजबूत कर बेहतर उर्जा दक्षता के आधार पर सतत और समावेशी विकास को प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

समावेशी विकास

कृषि

- देशभर में रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।
- गंगा नदी से सटे 5 किलोमीटर की चौड़ाई तक के गलियारे वाले किसानों की जमीनों पर ध्यान दिया जाएगा।
- गेहूं और धान की खरीद के लिए 1.63 करोड़ किसानों को 2.37 लाख करोड़ रुपए का सीधा भुगतान किया जाएगा।
- नाबार्ड कृषि और ग्रामीण उद्यम से जुड़े स्टार्टप्स को वित्तीय मदद के लिए मिश्रित पूंजी कोष की सुविधा देगा। फसलों के आकलन, भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, कीटनाशकों एवं पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए "किसान ड्रोन का उपयोग करने पर बल दिया जाएगा।

वन नेशन वन रजिस्ट्रेशन (ONO R) योजना

- बजट प्रस्तुति के दौरान, वित्त मंत्री ने 'वन नेशन वन रजिस्ट्रेशन (One Nation One Registration) योजना की शुरुआत की। इससे व्यापार करना आसान होगा और जीवनयापन में भी सुधार होगा।
- यह योजना पूरे देश में एक समान पंजीकरण प्रक्रिया लाएगी।
- चाहे वह भूमि पंजीकरण हो या वाहन पंजीकरण या कोई अन्य पंजीकरण, पूरे देश में एक ही प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। पंजीकरण देश में कहीं भी किया जा सकता है। राज्य की कोई बाधा नहीं होगी।
- इसमें 3C फॉर्मूला अपनाया जाएगा। 3C का अर्थ Central of Records, Convenience of Records and Collection of Records है।
- 14-अंकों की विशिष्ट संख्या भूमि को आवंटित किया जायेगा। इस संख्या को "भूमि की आधार संख्या" कहा जायेगा। इस योजना को लागू करने के लिए सरकार राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली (National Generic Document Registration System) को 'एक राष्ट्र एक पंजीकरण' योजना से जोड़ेगी।

केन बेतवा परियोजना

- केन-बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 1400 करोड़ परिव्यय से किसानों को 9.08 लाख हेक्टेयर जमीनों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

प्रभाव: किसानों द्वारा एमएसपी सम्बन्धी शिकायतों को दूर कर, जैविक तथा प्राकृतिक खेती को विकसित किया जाएगा तथा डिजिटल कृषि को अपनाकर कृषि लागतों में कमी कर किसानों की आय को दुगुना किया जा सकेगा। रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर मृदा तथा अन्य भूमिगत प्रदूषण को कम करने में सहायता प्राप्त होगी।

- तिलहन आयात पर निर्भरता कम करने के लिए एक तर्कसंगत एवं व्यापक योजना लागू की जाएगी, ताकि देश में तिलहन का उत्पादन बढ़ाया जा सके। वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय कदन्न वर्ष' घोषित किए जाने से कटाई उपरांत मूल्यवर्धन के साथ-साथ घरेलू खपत बढ़ाने, देश-विदेश में बाजरा उत्पादों की ब्रांडिंग कर किसानों को लाभ प्रदान किया जा सकेगा।

एमएसएमई

उद्यम, ई-श्रम, एनसीएस और असीम पोर्टलों को आपस में जोड़ा जाएगा।

- 130 लाख एमएसएमई को इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत अतिरिक्त कर्ज दिया गया।
- ईसीएलजीएस को मार्च 2023 तक बढ़ाया जाएगा।
- ईसीएलजीएस के तहत गारंटी कवर को 50000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर कुल 5 लाख करोड़ कर दिया जाएगा।
- सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के तहत 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त क्रेडिट दिया जाएगा।
- रेजिंग एंड एसिलेरेटिंग एमएसएमई परफोर्मेंस (आरएएमपी) प्रोग्राम 6000 करोड़ रुपए के परिव्यय से शुरू किया जाएगा।